बुलंदशहर: प्रिंटर से 500-500 रुपये के नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 3 शातिर गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नकली नोटों को छापने और उन्हें बाजार में खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. पुलिस ने इस मामले में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ़्तार किया है. पुलिस को उनके पास से 12 हजार रुपये के 500-500 के नकली नोट, नोट छापने का प्रिंटर और 3 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है.

एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बीती 23 फरवरी को थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत बाजार में सब्जी विक्रेता को 500-500 रुपये के फर्जी नोट दिए गए थे. पैठ बाजार में कुछ सब्जी वालों ने बताया कि कुछ लोग सब्जी खरीदने के लिए नकली 500 रुपये के नोट दे रहे हैं.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/bulandshahr-police-arrest-three-accused-for-making-fake-500-notes-using-printer-ann-3094089